तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **इंसाफ खान मेहर** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353339364038905	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/04/25	अपीलार्थी इंसाफ खान मेहर निवासी गाँव— रोहिला कला, पोस्ट झंवर तहसील, जिला जोधपुर, राजस्थान ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 02.03.2025 को दिनांक 02 फरवरी 2025 को श्रीमान जिला कलक्टर महोदय का जीमेल जरिये परिवाद/शिकायत प्रार्थना पत्र भेजा उस संदर्भ में की गई संपूर्ण कार्यवाही की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 365 दिनांक 17.04..2025 से बतलाया कि प्रार्थी चाही गई सूचना के संबंध में प्रार्थी को दिनांक 03.04.2025 को ऑनलाईन सूचित किया जा चुका है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.04.30 16:51:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15013276